ग़ैर-भेदभाव संबंधित सूचना

Washington State Board of Health (वाशिंगटन राज्य का स्वास्थ्य बोर्ड) (बोर्ड) ग़ैर-भेदभाव पर लागू संघीय और राज्य नागरिक अधिकार कानूनों का अनुपालन करता है। हम नस्ल, रंग, मज़हब, राष्ट्रीय मूल, नागरिकता या इमिग्रेशन स्टेटस, उम्र, विकलांगता, लिंग, लैंगिक अभिव्यक्ति और पहचान, सेक्शुअल ओरिएंटेशन, वैवाहिक स्थिति, पारिवारिक स्थिति, धर्म, सम्मानपूर्वक सेवामुक्त हुए पुराने सैनिक या उनकी सैन्य स्थिति के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव नहीं करते या उन्हें वर्जित नहीं करते हैं। इस सूची में ऐसे विकलांग व्यक्ति भी शामिल हैं जो गाइड के तौर पर प्रशिक्षित कुत्ते या सेवा देने वाले जानवर का इस्तेमाल करते हैं।

सुलभता

आप हमारे कार्यक्रमों, सेवाओं, बैठकों और गतिविधियों की उचित सुलभता के लिए अनुरोध कर सकते हैं। Washington State Board of Health (बोर्ड):

- हमें आपके साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने में मदद करने के लिए विकलांगों को निःशुल्क सहायता और सेवाएँ प्रदान करता है, जैसे:
  - सांकेतिक भाषा के योग्य दुभाषिए
  - दूसरे फ़ॉर्मेट में लिखित जानकारी की उपलब्धता (बड़े प्रिंट, ऑडियो, सुलभ इलेक्ट्रॉनिक फ़ॉर्मेट या दूसरे फ़ॉर्मेट में)
- उन लोगों को निःशुल्क भाषा सेवाएँ प्रदान करता है जिनकी प्राथमिक भाषा अंग्रेजी नहीं है, जैसे:
  - योग्य दुभाषिए
  - आपकी भाषा में लिखी गई जानकारी

अगर आपको इन सेवाओं की जरूरत है तो (360)-236-4110 पर कॉल करें या wsboh@sboh.wa.gov पर ईमेल करें

सुलभता और Americans with Disabilities Act (ADA)

Washington State Board of Health (बोर्ड) विकलांगों के लिए सुलभ जानकारी और सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी प्रासंगिक राज्य और संघीय कानूनों के अनुसार उचित व्यवस्था प्रदान करते हैं और साथ ही लोगों की क्षमता की परवाह किए बिना अपनी सभी बैठकों, कार्यक्रमों और गतिविधियों को सभी के लिए सुलभ बनाने का प्रयास करते हैं।

हमारी एजेंसी, वेबसाइट और ऑनलाइन सेवाएं Americans with Disabilities (ADA ,अमेरिकी विकलांगता) के मानकों, Rehabilitation Act of 1973 (1973 का पुनर्वास अधिनियम) की धारा 508, Washington State Policy 188 (वाशिंगटन राज्य नीति 188) और Web Content Accessibility Guidelines (WCAG, वेब सामग्री की सुलभता के दिशानिर्देश) 2.0, स्तर एए का पालन करती हैं। हम नियमित रूप से अनुपालन संबंधी चीज़ों की जांच करते हैं और अगर हमारे उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त सहायता की जरूरत है या वे सुलभता में सुधार से जुड़े मुद्दों के बारे में हमें सूचित करना चाहते हैं तो वे बेझिझक अनुरोध सबमिट कर सकते हैं।

हमारी एजेंसी की वेबसाइट पर आने वाले सभी लोगों के साथ-साथ विकलांग लोगों को भी ऐक्सेस प्रदान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। अगर आप किसी अक्षमता के कारण हमारी वेबसाइट की सामग्री को ऐक्सेस नहीं कर पा रहे हैं, सामग्री को ऐक्सेस करने से जुड़े कोई सवाल हैं या इस वेबसाइट पर जानकारी को ऐक्सेस करने में आने वाली समस्याओं की रिपोर्ट करना चाहते हैं, तो कृपया (360) 236-4110 पर कॉल करें या wsboh@sboh.wa.gov पर ईमेल करें और अपने संदेश में निम्नलिखित जानकारी दें:

- किस तरह की सुलभता की जरूरत है

- उस सामग्री का यूआरएल (वेब पता) जिसे ऐक्सेस चाहते हैं
- आपकी संपर्क संबंधी जानकारी

हम आपको मांगी गई जानकारी प्रदान करने और वेबसाइट पर किसी भी तरह के अनुपालन संबंधी मुद्दों को ठीक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

हमारे ADA कोऑर्डिनेटर से संपर्क करें

संचार प्रबंधक
Washington State Department of Health
(360) 236-4110
wsboh@sboh.wa.gov
TTY उपयोगकर्ता 711 डायल कर सकते हैं

ADA से संबंधित शिकायत या भेदभाव दर्ज करें

कथित भेदभाव से जुड़े सवालों और शिकायतों के समाधान का काम निम्नलिखित कार्यालय को दिया गया है। अगर आपको लगता है कि Washington State Board of Health (बोर्ड) ये सेवाएं प्रदान करने में विफल रहा है या नस्ल, रंग, मज़हब, राष्ट्रीय मूल, नागरिकता या इमिग्रेशन स्टेटस, उम्र, विकलांगता, लिंग, लैंगिक अभिव्यक्ति और पहचान, सेक्शुअल ओरिएंटेशन, वैवाहिक स्थिति, पारिवारिक स्थिति, धर्म, ऐसे विकलांग व्यक्ति जो गाइड के तौर पर प्रशिक्षित कुत्ते या सेवा देने वाले जानवर का इस्तेमाल करते हैं, सम्मानपूर्वक सेवामुक्त हुए पुराने सैनिक या उनकी सैन्य स्थितिके आधार पर दूसरे तरीकों से भेदभाव किया है तो आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं:

Washington State Department of Health
Office of Civil Rights, Equity and Social Justice
Attn: Title VI Coordinator
PO Box 47890 Olympia, WA 98504-47890
Civil.Rights@doh.wa.gov

आप भेदभाव के आरोपों वाले मामलों पर व्यक्तिगत रूप से शिकायत दर्ज कर सकते हैं या फिर आप मेल, फ़ैक्स या ईमेल भी कर सकते हैं।

आप U.S. Department of Health and Human Services, Office for Civil Rights (अमेरिकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग, नागरिक अधिकार कार्यालय) में नागरिक अधिकार संबंधी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। ऐसा आप Office for Civil Rights के शिकायत पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से कर सकते हैं, जो कि https://ocrportal.hhs.gov/ocr/portal/lobby.jsf पर उपलब्ध है, (अंग्रेज़ी में), या आप निम्नलिखित पते या नंबर पर मेल या फ़ोन भी कर सकते हैं:

U.S. Department of Health and Human Services
200 Independence Avenue, SW
Room 509F, HHH Building
Washington, D.C. 20201
1-800-368-1019, 800-537-7697 (TDD) (भाषा संबंधित सहायता उपलब्ध है।

शिकायत फ़ॉर्म http://www.hhs.gov/ocr/office/file/index.html (अंग्रेज़ी में) पर उपलब्ध है।

संबंधित लिंक:

गोपनीयता नीति (अंग्रेज़ी में; स्पेनिश में)

Americans with Disabilities Act के तहत सूचना (अंग्रेज़ीमें; स्पेनिशमें)